क्रीज पर ज़्यादा स्थिर रहकर और मैदान के सभी हिस्सों में रन बनाने के लिए जगह छोड़कर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ फ़ॉर्म हासिल की है।
– सैम हार्पर

मेलबर्न स्टार्स के खिलाड़ी, 100वां बीबीएल मैच खेलने के बाद।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

वेंकटेश प्रसाद

कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद ने बुधवार को कहा कि अब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को यह तय करना है कि वे आईपीएल 2026 के अपने घरेलू मैचों के लिए एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में वापस आएंगे या नहीं। यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रसाद ने कहा कि केएससीए ने अपना काम कर दिया है, क्योंकि कर्नाटक सरकार ने हाल ही में स्टेडियम को मैच होस्ट करने की अनुमति दे दी है। यह पिछले साल आरसीबी के आईपीएल 2025 सेलिब्रेशन के दौरान हुई भगदड़ की घटना के बाद हुआ था, जिसमें 11 लोगों की जान चली गई थी।

क्या आप जानते हैं ?... भारत ने घरेलू मैदानों पर 7 मैचों में जीत हासिल की जबकि न्यूजीलैंड ने अपने घरेलू मैदान पर 4 मुकाबले जीते हैं।

भारत ने न्यूज़ीलैंड को 48 रनों से हराया

नागपुर, 21 जनवरी। अभिषेक शर्मा (84) और रिंकू सिंह (नाबाद 44) की विस्फोटक पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने बुधवार को पहले टी-20 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 48 रनों से शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।

239 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड को अर्शदीप सिंह और हार्दिक पांड्य ने शुरुआती झटके दिये। डेवन कॉन्वे (शून्य) को अर्शदीप सिंह और रचिन रविंद्र (एक) को हार्दिक ने आउट किया। दो रन पर दो विकेट गंवाने के बाद संकट में फंसी न्यूजीलैंड के लिए ग्लेन फिलिप्स ने टिम रॉबिन्सन के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 50 रनों की साझेदारी हुई। सातवें ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने टिम रॉबिन्सन 15 गेंदों में 21 रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद मार्क चैपमैन ने ग्लेन फिलिप्स के साथ 79 रन जोड़े। 14वें ओवर में अक्षर पटेल ने ग्लेन फिलिप्स को आउटकर न्यूजीलैंड को बड़ा झटका दिया।

फिलिप्स ने 40 गेंदों में चार चौके और छह छक्के लगाते हुए 78 रनों की पारी खेली। 15वें ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने मार्क चैपमैन 24 गेंदों में 39 रन को आउटकर न्यूजीलैंड को पांचवां झटका दिया। 20वें ओवर की चौथी गेंद पर शिवम दुबे ने डैरिल मिचेल 18 गेंदों में 28 रन को आउट किया। अगली ही गेंद पर दुबे ने क्रिस्टियन क्लार्क (शून्य) का भी शिकार कर लिया। न्यूजीलैंड की टीम निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 190 रन ही बना सकी और 48 रनों से मुकाबला हार गई। भारत के लिए वरुण चक्रवर्ती और शिवम दुबे ने दो- दो विकेट लिये। अक्षर पटेल, हार्दिक पांड्या, अर्शदीप सिंह ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत ने मैच की शुरुआत में 27 के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। इसके बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अभिषेक शर्मा के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 99 रनों की साझेदारी हुई। 11वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने सूर्यकुमार यादव को आउटकर इस साझेदारी का अंत किया। सूर्यकुमार यादव ने 22 गेंदों में चार चौके और एक छक्का उड़ाते हुए 32 रन बनाये। अगले ही ओवर में ईश सोढ़ी ने अभिषेक शर्मा को आउटकर भारत को चौथा झटका दिया। अभिषेक शर्मा ने 35 गेंदों में पांच चौके और आठ छक्के उड़ाते हुए 84 रनों की विस्फोटक पारी खेली। हार्दिक पंड्या ने 16 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 25 रन बनाये। शिवम दुबे नौ रन और अक्षर पटेल पांच रन बनाकर आउट हुये।।

ताइक्वांडो आत्मविश्वास बढ़ाने से जुड़ा खेल : राज्यपाल

जयपुर, 21 जनवरी। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को एसएमएस स्टेडियम में द्वितीय ताइक्वांडो फेडरेशन कप 2026 के डेमो मैच का शुभारम्भ किया। राज्यपाल ने इस दौरान कहा कि दक्षिण कोरिया से निकला ताइक्वांडो आज एक वैश्विक मार्शल आर्ट और ओलंपिक खेल बन गया है। उन्होंने कहा कि यह आत्मविश्वास बढ़ाने से जुड़ा खेल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय खिलाड़ी वैश्विक प्रतियोगिताओं में उम्दा प्रदर्शन कर भारत का नाम रोशन करेंगे। बागडे ने ताइक्वांडो को चपलता से जुड़ा खेल बताते हुए कहा कि इसमें जो पहल कर वार करता है, वही सफल होता है। उन्होंने देश के विभिन्न प्रांतों के खिलाड़ियों से संवाद कर उनकी हौसला अफजाही की। उन्होंने आ ान किया कि इस खेल के लिए चयनित खिलाडी अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम गौरवान्वित करें। राज्यपाल ने कहा कि खेलों में हार-जीत नहीं होती। खेल को खेल भावना से खेला जाता है तभी वह जीवन में उजास लाता है।

टीम जयपुर ने रोमांचक मुकाबले में ऑप्टिमस अचीवर्स को हराकर मैच जीता

जयपुर, 21 जनवरी। जयपुर पोलो सीजन 2026 के अंतर्गत राजस्थान पोलो क्लब ग्राउंड पर राजमाता गायत्री देवी मेमोरियल कप (06 गोल) का रोमांचक मुकाबला खेला गया। यह टक्कर टीम जयपुर और टीम ऑप्टिमस अचीवर्स के बीच हुई, जिसमें टीम जयपुर ने आधे गोल के एडवांटेज से मैच अपने नाम कर लिया। टीम जयपुर ने 7.5 -7 के स्कोर से ऑप्टिमस अचीवर्स को शिकस्त दी। विजेता टीम की ओर से लांस वॉटसन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम के लिए 6 गोल हासिल किए। वहीं, एचएच महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने 1 गोल किया। टीम से खेलने वाले अन्य खिलाड़ियों में मिर्जा मोहम्मद बेग और प्रताप सिंह कानोता भी शामिल थे। इसी प्रकार, टीम ऑप्टिमस अचीवर्स से शमशीर अली ने 4 गोल और साविर मेहराज गोदारा ने 2 गोल किए। टीम के लिए डेनियल ओटामेंडी ने 1 गोल हासिल किया। टीम में आर्यमान सिंह भी शामिल थे। इससे पूर्व, चांदना/वी पोलो ग्राउंड पर दोपहर 12 बजे वी पोलो टीम और सुहाना ऑल स्टार्स पोलो टीम के बीच भी मुकाबला हुआ। इस मैच में टीम वी पोलो ने 6.5-3 के स्कोर से सुहाना ऑल स्टार्स पोलो को हराकर मैच जीत लिया। मैच में टीम वी पोलो को आधे गोल का एडवांटेज भी मिला। गुरुवार को पीपीसी ग्राउंड पर दोपहर 1.30 बजे टीम रामबाग और टीम अरावली के बीच मुकाबला होगा। वहीं, दोपहर 3 बजे आरपीसी/ थंडरबोल्ट और जिंदल बेदला के बीच खेला जाएगा। गौरतलब है कि पूल बी की चारों टीमों ने एक-एक मैच जीता और एक-एक मैच हारा है। इसलिए पीपीसी ग्राउंड पर शाम 4 बजे पूल बी की चारों टीमों के बीच पैनल्टी शूट आउट खेला जाएगा। इन टीमों में वी पोलो, ऑप्टिमस अचीवर्स, जयपुर और सुहाना ऑल स्टार्स शामिल हैं। इस कप का फाइनल मुकाबला रविवार को होगा।

आईसीसी ने बांग्लादेश की मांग खारिज की

दुबई, 21 जनवरी। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसीए) ने बंगलादेश की भारत से उसके टी 20 वर्ल्ड कप मैच शिफ्ट करने की मांग खारिज कर दी है। समझा जाता है कि आईसीसी ने बीसीबी से बंगलादेश सरकार को यह बताने के लिए कहा है कि अगर बंगलादेश टी20 वर्ल्ड कप में अपने मैच खेलने के लिए भारत जाने से इनकार करता रहता है, तो टूर्नामेंट में उसकी जगह किसी दूसरी टीम को ले लिया जाएगा।

इस फैसले के बाद वोटिंग हुई, जिसमें आईसीसी बोर्ड के ज़्यादातर सदस्य रिप्लेसमेंट के पक्ष में थे। बीसीबी को भारत में खेलने के अपने रुख पर आईसीसी को जवाब देने के लिए एक और दिन दिया गया है। अगर ऐसा होता है, तो वर्ल्ड कप में ग्रुप सी में बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को मिल सकती है। स्कॉटलैंड 2026 टी20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाया था, क्योंकि वह यूरोपियन क्वालिफायर में नीदरलैंड्स, इटली और जर्सी से पीछे रह गया था। फ़िलहाल के घटनाक्रम को देखें तो बीसीबी अपने इस रुख़ पर अड़ा है कि सुरक्षा कारणों से वह अपनी टीम को भारत दौरे पर नहीं भेजेगा। बांग्लादेश ने आईसीसी के सामने गुहार लगाई है कि उनके मैचों का आयोजन श्रीलंका में किया जाए।

सिग्नेचर एकेडमी बनी चैम्पियन

जयपुर, 21 जनवरी। अंडर-19 नंद सिंह मेमोरियल क्रिकेट लीग के फाइनल मैच में सिग्नेचर क्रिकेट एकेडमी ने राजीव गांधी को 25 रनों से हराकर खिताब जीता। टॉस जीतकर राजीव गांधी एकेडमी ने सिग्नेचर क्रिकेट एकेडमी को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। सिग्नेचर एकेडमी की ओर से राहुल शर्मा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 106 रन बनाए, रक्षित 47, शोएब खान 41 के सहयोग से 48 ओवर में 273 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।राजीव गांधी की ओर से श्याम सुंदर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 छत्तीसगढ़ में 14 फरवरी से

जयपुर, 21 जनवरी। खेलों इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 का आयोजन छतीसगढ में 14 फरवरी से किया जायेगा। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद द्वारा इसमें भाग लेने वाली टीमों के चयन के लिए सलेक्षन ट्रायल 24 जनवरी को करवाई जायेगी। राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद के सचिव नीतू बारूपाल ने बताया कि इन खेलों में तीरंदाजी, एथलेटिक्स, फुटबाल, हॉकी, तैराकी, भारोत्तोलन और कुष्ती (बालक/बालिका) खेलों का आयोजन होगा। इन खेलों में राजस्थान की टीम भाग लेगी। इसके लिए 24 जनवरी को परिषद द्वारा चयन स्पर्धा का आयोजन टीमों के चयन के लिए किया जायेगा। उन्होने बताया कि तीरंदाजी की चयन स्पर्धा डूंगरपुर में स्पोट्र्स कॉम्पलेक्स मे तीरंदाजी प्रषिक्षक धनेष्वर मईडा व नरेष कुमार डामोर लेगें। एथलेटिक्स की चयन स्पर्धा में डूंगरपुर में ही प्रषिक्षक शंकर लाल बुनकर के निर्देषन में की जायेगी।

राजस्थान स्टेट टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में जयपुर का दबदबा

जयपुर, 21 जनवरी। 70वीं राजस्थान स्टेट एवं इंटर डिस्ट्रिक्ट उमा कुंभट मेमोरियल होप्स क्रेडिट सब-जूनियर, जूनियर, यूथ एवं सीनियर टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2025-26 का आयोजन 15 से 20 जनवरी तक स्थानीय चैनपुरा स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश भर के विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें जयपुर के खिलाड़ियों का शानदार और प्रभावी प्रदर्शन देखने को मिला।

अन्य वर्गों में भी जयपुर के खिलाड़ियों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। अंडर-11 बालक वर्ग में आरव साहनी ने विजेता, कविष सरन ने उपविजेता तथा आरुष शर्मा ने कांस्य पदक प्राप्त किया। अंडर-13 बालिका वर्ग में अधिश्री दासूंडी विजेता, आर्ना साहनी उपविजेता एवं ईशान्या शर्मा कांस्य पदक विजेता रहीं। वहीं अंडर-13 बालक वर्ग में दक्ष सोनी उपविजेता तथा आरव साहनी ने कांस्य पदक जीता।

अंडर-15 बालिका वर्ग में राधिका सोनी ने स्वर्ण, आर्ना साहनी ने रजत एवं समृद्धि व्यास ने कांस्य पदक प्राप्त किया। अंडर-15 बालक वर्ग में आरव आचार्य विजेता, तुषार रामचंदानी उपविजेता रहे, जबकि भावित सिंह बिष्ट एवं नैतिकवीर ने कांस्य पदक जीते।

भोजन गोरेंस (स्लोवेनिया) ने खिताब जीता

जयपुर, 21 जनवरी। ओ.एन दीक्षित आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस मास्टर्स एमटी-400 में पुरुष 65 वर्ष आयु वर्ग में भोजन गोरेंस (स्लोवेनिया) ने अजीत भारद्वाज (इंडिया) को 6-1, 6-2 से हराकर ख़िताब जीता। इससे पूर्व एकल सेमी फाइनल में अजीत ने डॉ दीपांकर चक्रवर्ती को 6-2, 4-6, 10-8 तथा भोजन ने दिलीप सिंह नोंगमैथम को 6-2, 6-1 हराया। युगल फाइनल में डॉ दीपांकर व रविन चौधरी ने अजीत व राकेश कोहली की जोड़ी को 6-2,6-3 हराकर खिताब जीता। सेमी फाइनल युगल में अजीत व राकेश ने जयाराम पोन्रिया को व दिलीप को 4/6, 7-5 10-5 से तथा डॉ दीपांकर व रवीन ने ललित शर्मा व प्रमोद दीक्षित को 6-7(5), 6-2, 10-7 से हराया। जय क्लब के अध्यक्ष डॉ हरि ओम बम्ब व सचिव संजय भंसाली ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किये। बम्ब व भंसाली ने जय क्लब की और से भविष्य में भी सभी सुविधाएं देने का आश्वशन दिया। क्लब का नाम विश्व स्तर पर पहुचाने के लिए टेनिस संघ व दीक्षित सोसाइटी का आभार व्यक्त किया। पंकज दीक्षित ने अपने पिता ओ एन दीक्षित को यह सच्ची श्रद्धांजलि दी। टूर्नामेंट में देश विदेश से आए सभी खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया।

राजस्थान ने उत्तराखंड को हराया

जयपुर, 21 जनवरी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ द्वारा असम में आयोजित संतोष ट्रॉफी के फाइनल राउंड के ग्रुप ए में राजस्थान ने उत्तराखंड को 3/2 से हराया, मध्यांतर तक दोनों टीम 2/2 गोल से बराबर पर थी, मैच के शुरू होते ही राजस्थान टीम ने आक्रमक खेल खेलते हुए खेल के 31 वे सेकंड में लेफ्ट विंग से राजस्थान के ईशान राजोरिया के शानदार क्रॉस पर अमित ने शानदार हेड से गोल किया,जो राजस्थान केके सबसे फास्टेस्ट गोल है इसी तरह खेल के 25 वे मिनट में राजस्थान के मुकेश ने शानदार हेड से गोल किया।

आरसीए एकेडमी मैदान का होगा विस्तार

जयपुर में आईपीएल आयोजन हेतु आरसीए एडहॉक कमेटी करेगी राज्य सरकार से अनुरोध



जयपुर, 21 जनवरी। राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) की एडहॉक कमेटी के संयोजक डी.डी. कुमावत ने जानकारी देते हुए बताया कि आरसीए एडहॉक कमेटी के सतत प्रयासों से सवाई मानसिंह स्टेडियम परिसर स्थित आरसीए एकेडमी मैदान का विस्तार बीसीसीआई के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। इसी क्रम में आज राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ आईएएस अधिकारी नीरज के. पवन ने आरसीए एकेडमी मैदान का निरीक्षण किया। इस अवसर पर आरसीए एडहॉक कमेटी के संयोजक डी.डी. कुमावत भी उपस्थित रहे।

जिला संघों के अनुदान, सुविधाओं एवं खेल विस्तार हेतु 3 सदस्यीय कमेटी गठित – आरसीए एडहॉक कमेटी कन्वीनर डी डी कुमावत द्वारा जिला क्रिकेट संघों के वार्षिक अनुदान, सुविधाओं के विस्तार एवं जिला स्तर पर खेल गतिविधियों के सुदृढ़ क्रियान्वयन हेतु एक अनुभवी 3 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है।

कमेटी का गठन निम्नानुसार है- चेयरमेनः सुभाष जोशी (पूर्व सचिव, आरसीए) – सीकर जिला क्रिकेट संघ, सदस्यः विमल शर्मा (पूर्व उपाध्यक्ष, आरसीए), सचिव, जैसलमेर जिला क्रिकेट संघ, सुमेन्द्र तिवारी (पूर्व सचिव, आरसीए), सचिव, धौलपुर जिला क्रिकेट संघ।

जिला संघों से व्यापक सहमति – कमेटी के चेयरमेन सुभाष जोशी के अनुसार, आज आरसीए कार्यालय एवं आरसीए एकेडमी में आयोजित कमेटी बैठक में आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी.डी. कुमावत सहित 5 जिला क्रिकेट संघों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इस बैठक में राजस्थान क्रिकेट संघ से संबद्ध लगभग 20 से अधिक जिला क्रिकेट संघों से मौखिक एवं टेलीफोनिक रूप से सहमति प्राप्त की गई।

बैठक में आरसीए एडहॉक कमेटी के प्रस्तावों एवं जिला संघों की विभिन्न मांगों को शीघ्र क्रियान्वित करने पर विस्तृत चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। यह कमेटी प्रदेश के सभी जिला क्रिकेट संघ केंद्रों पर क्रिकेट के विकास, आवश्यक सुविधाओं के विस्तार तथा आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करेगी।

जयपुर में आईपीएल 2026 के आयोजन हेतु राज्य सरकार से अनुरोध – आरसीए एडहॉक कमेटी ने जयपुर को आईपीएल 2026 का वेन्यू घोषित किए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आशा जताई कि राज्य सरकार के सहयोग से सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में आईपीएल 2026 का सफल आयोजन होगा। आईपीएल 2026 के आयोजन हेतु बीसीसीआई द्वारा निर्धारित सभी आवश्यक मापदंडों को पूर्ण करने के लिए आरसीए एडहॉक कमेटी शीघ्र ही राज्य सरकार से औपचारिक अनुरोध करेगी, जिससे जयपुर में आईपीएल का सफल एवं भव्य आयोजन सुनिश्चित किया जा सके।

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
जोधपुर 342304, राजस्थान, भारत

ई-निविदा 21/2025-26

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा Furniture for Controller of Examination की खरीद के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विस्तृत विवरण एवं जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। UBN No.: JAU2526GLOB00183
EPROC ID: 2026_AGUJD_528468_1
राज.संवाद/सी/25/18114 नियंत्रक (वित्त)

महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर

निविदा सूचना

विश्वविद्यालय में डिजीटल लाइब्रेरी सामग्री क्रय/स्थापना (PM USHA) हेतु निविदा जारी की गयी हैं, जिसका यूबीएन GSU2526GLOB00057 हैं। निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in व www.eproc.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।
राज.संवाद/सी/25/18117 वित्त नियंत्रक

Rajasthan Water Grid Corporation Limited
(Formerly known as "Eastern Rajasthan Canal Project Corporation Limited")
Sinchai Bhawan, JLN Marg, Jaipur 302017, Tel: 0141-2700669 Email: ceercpc@gmail.com
No. :- 7809 Date :- 16/01/2026

NIB No. – EOI/RWGCL/52/2025-26

Managing Director, RWGCL invites bid for " Expression of Interest for Panel of chartered Accountant firms to the Statutory Auditors/Additional Auditors for package -1, package - 2 and package-3 separately under Navnera – Galwa- Bisalpur- Isarda link project on Hybrid Annuity Model being undertaken by RWGCl Rajasthan for up to 5 years" from interested firms up to 09.02.2026 (05.00 PM). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://sppp.rajasthan.gov.in/sppp/ of the state. NIB Code : ERP2526A0058, UBN No. : ERP2526SSOB00065
Raj.Samwad/C/25/18132 Managing Director

कार्यालय नगर परिषद, जालोर (राजस्थान)
क्रमांकः/नपजा/सफाई शाखा/2025/7068 दिनांकः 14.01.2026

–:: ई-निविदा सूचना संख्या-02/2025-26 ::–

नगर परिषद् जालौर द्वारा भारतीय पशु कल्याण बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त एनजीओ से वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए आवारों श्वानों (नर/मादा) को पकडने बंध्याकरण करने एवं रेबीज टीकाकरण कर पुनः निर्धारित स्थान पर छोडने के कार्य की ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। ऑनलाईन ई–निविदा से संबंधित कार्य की विस्तृत जानकारी निविदा की शर्तें आदि वेबसाईट http://eproc.rajasthan.in and http.sppp.raj.nic.in व पर देखी जा सकती है।
UBN-DLB2526B0310
राज.संवाद/सी/25/18188 आयुक्त नगर परिषद, जालोर

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबंधक वाटरशेड सेल कम डाटा सेन्टर जिला परिषद जालोर
क्रमांक :- एफ ( )/निविदा/2025-26/4015-4024 दिनांक :- 14/01/2026

NOTCE INVITING BID
NIT No. 40-49/2025-26

Bids for NRM Works Under PMKSY-2.0 and MJSA 2.0 project area in Bhinmal, Bagoda, Sarnau, Sayla, Jaswantpura, Chitalwana, Sanchore of Ahore, estimated Value INR 713.64 Lacs are invited from interested bidders Up to 3.00 PM 27-01-2026, Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https//eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state.

NIT NO.	Work Name & Block	NIB No.	UBN No.
NIT-40/2025-26 MJSA 2.2	Tanka and Farm Pond (Bhinmal)	WSC2526A1355	WSC2526WSOB02385
NIT-41/2025-26 MJSA 2.2	Rooftop Tanka (Bagoda)	WSC2526A1356	WSC2526WSOB02386
NIT-42/2025-26 MJSA 2.2	Farm Pond, Rooftop Tanka, Amrit Sarovar, SSB and MPT (Sarnau)	WSC2526A1357	WSC2526WSOB02387
NIT-43/2025-26 MJSA 2.2	Farm Pond, Rooftop Tanka, Mini Percolation Tank, Percolation Tank, Tanka and Sub Surface Beriour (Sayla)	WSC2526A1358	WSC2526WSOB02388
NIT-44/2025-26 MJSA 2.2	Anicut, Sunken Pond and Sub Surface Beriour (Jaswantpura)	WSC2526A1359	WSC2526WSOB02389
NIT-45/2025-26 PMKSY 2.0	Tanka (Chitalwana)	WSC2526A1360	WSC2526WSOB02390
NIT-46/2025-26 PMKSY 2.0	RTWHS Tanka, Pakka Check Dem, Farm Pond, Amrit Sarovar, Mini Percolation Tank, and Sunken Pond (Jaswantpura)	WSC2526A1361	WSC2526WSOB02391
NIT-47/2025-26 PMKSY 2.0	Tanka and Farm Pond (Sanchore)	WSC2526A1362	WSC2526WSOB02392
NIT-48/2025-26 PMKSY 2.0	Amarit Sarovar (Ahore)	WSC2526A1363	WSC2526WSOB02393
NIT-49/2025-26 MJSA 2.2	Farm Pond and Rooftop Tanka (Sanchore)	WSC2526A1364	WSC2526WSOB02394

Raj.Samwad/C/25/18153 SE & PMWCDC, ZILA PARISHAD, JALORE

RAJASTHAN AGRICULTURAL RESEARCH INSTITUTE
(S.K.N. AGRICULTURE UNIVERSITY, JOBNER) DURGAPURA, JAIPUR

NOTICE INVITING BIDS

Sealed Single Stage Two- envelopes unconditional Bids are invited on behalf of Rajasthan Agricultural Research Institute, Durgapura, Jaipur (Rajasthan) for the procurement of Works as listed below, from manufacturers/ distributors /authorised dealers/ upto 11:00 AM of 27.01.2026

Sr. No.	Name of Article	Specification	Qty	Estimated Price (₹)	RISL Fee (₹)	Price of Bidding Document (₹)	Amount of Bid Security (₹)
1	Supply of Laboratory Equipments under NAHEP as per Annexure 3			25.00 Lakh	1180/-	500/-	Rs. 50,000.00

Details may be seen in the Bidding Document at our office or on the website of the State Public Procurement Portal http://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in or our website www.sknau.ac.in and may be downloaded from there or obtained from our office on payment of its price in cash/ demand draft. UBN : SKN2526GLOB00379
Raj.Samwad/C/25/18124 Director

कार्यालय नगर निगम, अजमेर
पृथ्वीराज मार्ग, अजमेर – 305001 (राज0)
क्रमांकःएफ.20(09)(13)/ननिअ/पुस्तकालय/समाचार पत्र–पत्रिका/2025–26/20 दिनांकः 14.01.2026

–: निविदा सूचना :–

नगर निगम के गाँधी भवन तथा इण्डोर स्टेडियम स्थित सार्वजनिक पुस्तकालय एवं निगम द्वारा संचालित किये जाने वाले क्षेत्रिय वाचनालयों एवं अन्य आदेशित स्थलों पर समाचार–पत्र, विभिन्न पत्रिकाओं के सप्लाई एवं वितरण इत्यादि का कार्य एक वर्ष की अवधि के लिए करने हेतु निर्धारित परिपत्र में ऑनालाईन निविदा आमंत्रित करती है। जिसकी अधिकतम व्यय राशि राशि रू. 12.00 लाख/– (अक्षरे रूपये बारह लाख) होगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 15.01.2026 को प्रातः 11.00 बजे से अन्तिम दिनांकः 26.01.2026 को सांय 6.00 बजे तक निर्धारित पोटर्ल पर भरकर अपलोड किये जा सकेंगे।
नोट :– राज्य लोक उपापन पोर्टल (www.eproc.rajasthan.gov.in) (www.sppp.rajasthan.gov.in) पर देखी जा सकती है।
NIB ANN20526A0202
UBN.No ANN2526SL0B00259
राज.संवाद/सी/25/18084 उपायुक्त(वि.) नगर निगम, अजमेर

उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान
No. :- F-2(01)Acct/Contract/2025-26/253 - 255 Date :- 19/01/2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या 75/2025-26

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :–

निविदा कार्यो की कुल लागत	रूपये 116.73 लाख (01 कार्य)
ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की अवधि	20.01.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 27.01.2026 को सांयः 6.00 बजे तक
Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी	20.01.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 27.01.2026 को सांयः 6.00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी	28.01.2026 को प्रातः 11:00 बजे

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।
UBN No. : ITU2526WSOB00422
राज.संवाद/सी/25/18159 अधिशाषी अभियन्ता - द्वितीय उदयपुर विकास प्राधिकरण

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर
एकल/द्विपुत्री योग्यता पुरस्कार योजना-2025 आवेदन पत्र आमंत्रण सूचना

पात्रता - बोर्ड द्वारा परीक्षा-2025 की ऐसी समस्त प्रतिभाशाली बालिकाएं जिन्होंने राज्य स्तर और जिला स्तर पर निर्धारित Cut off अंक या अधिक अंक प्राप्त किये हैं और जो अपने परिवार की एक मात्र सन्तान है या परिवार में दो सन्तानें हैं और दोनों ही पुत्रियाँ है या तीन पुत्रियाँ है जिनमें से एक पुत्री के बाद दो जुड़वां पुत्रियां हैं, पुरस्कार हेतु आवेदन की पात्र हैं। बोर्ड कार्यालय में आवेदन पत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथिः 22.02.2026 अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा।

बोर्ड परीक्षा	राज्य स्तर पर कट ऑफ अंक	पुरस्कार राशि रूपये (राज्य स्तर)	पुरस्कार राशि रूपये (जिला स्तर)	जिला स्तर पर कट ऑफ अंक
माध्यमिक परीक्षा-2025	585	31,000/-	11,000/-	बोर्ड की वैबसाईट पर जिलेवार कट ऑफ अंक उपलब्ध हैं।
माध्यमिक - (व्यावसायिक) परीक्षा-2025	594	31,000/-	11,000/-	
प्रवेशिका परीक्षा-2025	534	31,000/-	11,000/-	
उच्च माध्यमिक परीक्षा -2025	विज्ञान-490 वाणिज्य-486 कला-489	51,000/-	11,000/-	
उच्च माध्यमिक (व्यावसायिक) परीक्षा- 2025	विज्ञान-338 वाणिज्य-338 कला-470	51,000/-	11,000/- 11,000/-	
वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा - 2025	467	51,000/-		

प्रक्रिया-आवेदन-पत्र का प्रारूप, शपथ-पत्र का प्रारूप एवं आवश्यक निर्देश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की वेबसाईट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किये जा सकते हैं। भुगतान-पुरस्कार राशि का भुगतान छात्राओं के स्वयं के बैंक खातों में ऑनलाईन बैंकिंग के द्वारा किया जायेगा। आवेदन-पत्र भेजने का पता-निदेशक (शैक्षिक) माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर 305001
सचिव

RAJASTHAN STATE FOREST DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED
Regional Office, Bikaner
क्रमांक :- एफ( )लेखा-नीलामी/मप्र/राराववनिलि/बीकाबी/2025-26/56 दिनांक :- 16/01/2026

नीलामी सूचना सं. 01/2025-26

सर्वसाधारण विशेषकर लकड़ी/वनउपज व्यापारियो को सूचित किया जाता है कि प्रादेषिक वनमण्डल, इं.गा.न.प. स्टेज–प्रथम, छतरगढ़ के क्षेत्र अस्थाई डिपों 3 डीएल खारबारा में संग्रहित वन उपज की नीलामी नीचे वर्णित कॉलम संख्या 7 अनुसार निर्धारित स्थान व दिनांक को **"जहाँ है जैसे है"** के आधार पर की जावेगी। अतः इच्छुक बोलीदाता दिनांक 04.02.2026 को प्रातः 10.00 बजे से 11.00 बजे तक प्रतिभूति/धरोहर राशि 40000/– का डी.डी. महाप्रबन्धक राजस्थान राज्य वन विकास निगम लिमिटेड, क्षेत्रीय कार्यालय बीकानेर के नाम का जमा करवाकर बोली स्थल अस्थाई डिपों 3 डीएल खारबारा, छतरगढ़ में स्वयं/प्रतिनिधि उपस्थित होकर नीलामी में भाग ले सकते है।

क्र. सं.	प्रादेशिक वनमण्डल	चट्टा संख्या	वजन (क्विंटल में)	लकड़ी/वनउपज का प्रकार	बोली प्रारम्भ राशि (रूपये में) प्रति क्विंटल	नीलामी दिनांक/समय व स्थान
1	2	3	4	5	6	7
1	उ.व.सं, इं.गा.न.प. स्टेज–I, छतरगढ़	1	677.90	Timber Safeda	550	04.02.2026 प्रातः 10.00 बजे से अस्थाई डिपो 3, डीएल खारबारा, छतरगढ़।
2		2	91.60	Timber Desi Babool	500	
3		3	848.10	Fuel Wood Panchmel	300	
4		4	515.05	Timber Safeda	550	
5		5	314.40	Timber Safeda	550	
6		6	713.05	Fuel Wood Panchmel	300	
7		7	505.70	Timber Safeda	550	
8		8	443.20	Fuel Wood Panchmel	300	
9		9	29.45	Timber Shisham/Rohida	600	
10		10	681.20	Fuel Wood Panchmel	300	
		कुल योग	4819.65			

नीलामी कार्यक्रम, शर्तें, प्रतिभूति राशि, नीलामी के नियम आदि की जानकारी www.sppp.rajasthan.gov.in व कार्यालय में देखी जा सकती है। प्रतिभूति राशि नीलामी स्थल पर नीलामी से पूर्व जमा करानी होगी। अन्य जानकारी हेतु प्रभारी प्रबंधक के दूरभाष नम्बर 9414082990 पर सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।
राज.संवाद/सी/25/18131 महाप्रबन्धक राजस्थान राज्य वन विकास निगम लिमिटेड क्षेत्रीय कार्यालय बीकानेर